तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 अगस्त 2024



09 छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा



10 आत्मानंद के छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली





## खबर संक्षेप



### नगर में आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

**बलौदाबाजार।** नगर में आज मंगलवार को एक शाम तिरंगा के नाम कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। नगर भवन से निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा नगर भवन के पश्चात वापस नगर भवन से समाप्त होगी। आयोजन समिति द्वारा 15 अगस्त 1947 को भारत को मिली आजादी के लिए देश के वीर सपूतों द्वारा अपने प्राणों के बलिदानों का स्मरण करते हुए यह तिरंगा यात्रा निकाले जाने की जानकारी देते हुए अपील की गई है कि सांय तीन बजे से शुरू होने वाली इस यात्रा में अधिक से अधिक नगरवासी भाग लें।

### होटल-ढाबा में पहुंची खाद्य विभाग की टीम



**मुड़पार/सरसीवां।** जिले के नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कलेक्टर धर्मेश साहू ने खाद्य जांच करने का आदेश दिए हैं। इस आदेश के पालन में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुधा चौधरी और नमूना सहायक वरुण पटेल ने तीन दिनों तक होटल, ढाबा और दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण कर सभी जगह से सैम्पल लिया। इसमें सारंगढ़ के अनिल किराना से नमक और रहेड दाल, सूरज होटल से 2 मिक्सचर, पेड़ा, रसगुल्ला और समोसा का शिकायत होने पर, राजेंद्र होटल से दो मिक्सचर, बर्फी, मलाई चाप मसूर दाल का सैम्पल, भवानी रेस्टोरेंट, छिंद के कान्हा किराना से गंगा राइस ब्रांच तेल और ताजा नमक, बरमकेला से मीनाश्री पानी पाउच का सैम्पल, जायसवाल ढाबा से दो सब्जी, जायसवाल फॅमिली ढाबा से दो सब्जी का सैम्पल लिया गया।

# 20 करोड़ की लागत से जिला मुख्यालय में बनेगा माडल आईटीआई

## योजना के तहत नई बिल्डिंग, गार्ड रूम, पार्किंग, स्टाफ क्वार्टर का निर्माण होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में छात्रों को अब उद्योगों की मांग के मुताबिक आधुनिक प्रशिक्षण मिलेगा। विधायक व कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयासों से प्रदेश में आईटीआई को हाईटेक बनाने की योजना के तहत औद्योगिक नगरी बलौदाबाजार के सकरी स्थित आईटीआई को मॉडल आईटीआई बनाने के लिए नवीनीकरण का काम शुरू होगा। पहले चरण में कंप्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेटवर्क मेंटनेंस, इलेक्ट्रिशियन, फिल्टर, मैकेनिक डीजल, वेल्डर, नया बिल्डिंग कंट्रक्शन, गार्ड रूम कंट्रक्शन, मोटर कार पार्किंग आदि बनेगा। इसके तहत कंप्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेटवर्क मेंटनेंस के लिए 1 करोड़ 5 लाख, इलेक्ट्रिशियन के लिए 75 लाख, फिल्टर 46 लाख, मैकेनिक डीजल 44 लाख, वेल्डर के लिए 53 लाख, नयी बिल्डिंग कंट्रक्शन के लिए 3 करोड़ 44 लाख 59 हजार, गार्ड रूप कंट्रक्शन के लिए 7 लाख 42 हजार, मोटर कार पार्किंग के लिए 1 करोड़ 25 लाख 28 हजार, स्टॉफ क्वाटर निर्माण के लिए 11 करोड़ 75 लाख 56 हजार, बाउंड्रीवाल एवं मुख्य द्वारा निर्माण के लिए 34 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति शामिल हैं। पहले चरण में ये सभी निर्माण कार्य किए जाएंगे।

- राजस्व मंत्री के प्रयासों से मिली स्वीकृति




### क्षेत्रवासियों के लिए एक और उपलब्धि : टंकराम वर्मा

कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने इसे क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि केंद्र सरकार आईटीआई को मॉडल आईटीआई में बदलने की योजना के तहत प्रदेश में आईटीआई को अपग्रेड करने की योजना तैयार की गई है। इसके तहत यहां के आईटीआई को मॉडल आईटीआई का दर्जा मिला है। योजना के पहले चरण में प्रदेश से 160 आईटीआई के लिए 484 करोड़ का तीन वर्षीय प्रस्ताव स्वीकृत है, जिसमें शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार हेतु 20 करोड़ 13 लाख 65 हजार रुपए स्वीकृत हुए हैं।

## सावन सोमवार : शिव भक्तों ने भजन-कीर्तन के साथ प्रसाद वितरण किया

# मंदिरों में गूंजा ओम नमः शिवाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



क्षेत्र में सावन के चौथे सोमवार पर सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जल, दूध, दही, घी और शहद से जल अभिषक किया। मंदिरों में भक्त लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। भवानीपुर बस स्टैंड में युवाओं द्वारा आने जाने वाले राहगीरों एवं कांवरियों को प्रसादी वितरण की गई। ठीक इसी प्रकार खपरी (भ) में भूतेश्वर महादेव से आए कांवरियों का भव्य स्वागत किया गया। गांव के प्रत्येक घर से आरती की थाल सजाकर श्रीफल एवं गुलाल लगाकर कांवरियों का स्वागत किया गया। गांव के प्रत्येक घर में दीपक जलाया गया, जिससे गांव का पूरा माहौल दिवाली जैसे लगने लगा था। कांवरिया द्वारा गांव में कीर्तन भजन करते हुए झांकी भी दिखाया गयी, जो मनमोहक का केंद्र बनी रही, जिसे देखने के लिए आसपास के ग्रामीण भी उपस्थित थे। इसके बाद गांव के रामायण मंडलियों द्वारा भगवान शिव के महिमा का गुणगान भक्ति संगीत के साथ किया गया। रामायण मंडलियों के संगीत से पूरा गांव भक्तिमय हो गया था।

भवानीपुर सहित आसपास के गांव में शिव मंदिरों में हर दिन रामायण मंडलियों द्वारा भगवान शिव का भजन कीर्तन किया जा रहा है। हर गांव में युवाओं में अच्छा उत्साह देखने को मिला रहा है। युवाओं द्वारा शिव मंदिर के बाहर भव्य प्रसादी वितरण का आयोजन रखा गया था, जिसमें खीर, पूरी, हलवा बनाकर युवाओं ने प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच सोनू राम साहू, उपसरपंच मुकेश झा, दुखी राम निषाद, नरसिग निषाद, रजरु यादव, मंत्त निषाद, मोती निषाद, भूपेंद्र सेन, दौवा राम साहू, पीयूष चंद्राकर, मोकेश चंद्राकर, सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### सशिमं के छात्रों ने निकाली कावड़ यात्रा

**पलारी।** सरस्वती शिशु मंदिर ओड़ान विद्यालय द्वारा सावन माह के चतुर्थ सोमवार को कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन विद्यालय स्तर पर किया गया। छात्रों और शिक्षकों द्वारा विद्यालय प्रांगण से कावड़ यात्रा प्रारंभ कर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए शिव मंदिर पहुंची और भगवान शिव शंभू का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस पुनित अवसर पर आयोजित कावड़ यात्रा को सफल बनाने में ऋतु रानी कमल, दया पटेल, दुलारी यादव, रामकली कवर, राधा चंद्राकर, दुर्गा साहू, संतोषी चंद्राकर, यशोमती ध्रुव, पूर्णिमा ध्रुव व गांव वालों का विशेष सहयोग रहा।

# चौथे सावन सोमवार को शिव भक्ति छटा बिखरी






**बलौदाबाजार।** नगर में सावन मास का चतुर्थ सोमवार शिवभक्तों द्वारा हर्षोउल्लास के साथ शिवालयों में पूर्जा अर्चना एवं जलाभिषेक कर मनाया गया। इस अवसर पर शिवभक्त विभिन्न स्थानों से पवित्र जल लेकर लंबी दूरी तय करने के दौरान जयकारा लगाते हुए प्रसिद्ध शिवालयों में पहुंचकर जलाभिषेक किए।


# पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

## पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006 (द्वितिय चरण)

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**
1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **26 रूपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
6. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं। कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-30.08.2024 तक।**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-05.09.2024 तक।**

## आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923,
राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006


पासपोर्ट फोटो

महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ....................पोस्ट ....................तहसील ....................
थाना ....................जिला.................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर


### रक्षाबंधन पर इस वर्ष भद्रा का साया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

इस वर्ष रक्षाबंधन का पर्व 19 अगस्त सोमवार को मनाया जायेगा। भाई बहनों के प्रेम का प्रतीक वाले इस पर्व के दिन बहने अपने भाइयों को राखी बाधंती है। प्रचलित मान्यता के अनुसार बहन द्वारा राखी बांधने से भाई के जीवन में सुख समृद्धि का आगमन होता है तथा भाई रक्षा सूत्र बंधवाने के पश्चात बहन से आशीर्वाद प्राप्त करता है। ज्योतिषयों के अनुसार बहनों द्वारा अपने भाइयों को शुभ मुहूर्त में रक्षासूत्र बांधना चाहिए, लेकिन इस वर्ष रक्षाबंधन पर्व के दिन सोमवार को भद्रा का काला साया रहेगा। अतः भद्रा रहने की अवधि के दौरान उन्हें भाइयों को राखी बांधने से बचना चाहिए। ज्योतिषियों की माने तो इस वर्ष सावन पूर्णिमा पर भद्रा का समय प्रातः 5 बजकर 53 मिनट से लेकर दोपहर 1 बजकर 32 मिनट तक होने के कारण इस अवधि में राखी बाधंना शुभ नहीं है। राखी बांधने के लिए 19 अगस्त को शुभ मुहूर्त दोपहर 1.32 बजे से लेकर 4.20 बजे तक हैं। इसके बाद प्रदोष काल में शाम 6 बजकर 56 मिनट से लेकर 9 बजकर 8 मिनट तक रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त है। इस संबंध में प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. कालु महाराज ने बताया है कि रक्षाबंधन पर शोभन योग भी बन रहा है। इस योग का निर्माण 20 अगस्त को 12 बजकर 57 मिनट तक है। वहीं धनिष्ठा नक्षत्र का योग मंगलवार को 5 बजकर 45 मिनट तक रहेगा।




## खबर संक्षेप

### स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज का प्रवचन 14 को



रायपुर। वीआईपी रोड स्थित निरंजन धर्मशाला में 14 अगस्त को गुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज का एक दिवसीय प्रवचन होगा। साथ ही गुरु दर्शन और समस्या मार्गदर्शन का कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि जगतगुरु नरेंद्राचार्य भक्त सेवा मंडल द्वारा यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे जारी रहेगा। समस्या मार्गदर्शन पर्ची 14 अगस्त को सुबह 7 बजे से 8 बजे के बीच कार्यक्रम स्थल पर मिलेगी। इसी दौरान हजारों भक्तों की समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### फिलिप्स अकादमी में डॉ. महंत, अमेरिका की शिक्षा प्रणाली को समझा



रायपुर। यूएसए के लुईसविले, केंटकी में राज्य विधानमंडलों के राष्ट्रीय सम्मेलन (एनसीएसएल) और राष्ट्रीय विधानमंडल सम्मेलन भारत द्वारा आयोजित विधायी शिखर सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी शामिल हुए। उन्होंने सम्मेलन के सत्र में बोस्टन अमेरिका की विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्था फिलिप्स अकादमी का अवलोकन किया। संस्था के भ्रमण उपरांत वहां के प्राचार्य एवं संचालकों से मुलाकात कर अमेरिका की शिक्षा प्रणाली पर विस्तृत चर्चा की तथा उन संभावनाओं पर भी चर्चा की, जिससे छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर और भी सुधारा जा सके। भ्रमण के दौरान डॉ. महंत के पुत्र सूरज महंत भी साथ रहे।

### बच्चों ने लगाए पौधे हरियाली का संकल्प



रायपुर। सावन माह में अग्रोहा कॉलोनी सेक्टर-1 के बच्चों और कॉलोनीवासियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इसी दौरान बच्चों ने खाली गार्डन को हरा-भरा करने का संकल्प लिया। जहां 50 पौधे लगाए गए। इस मौके पर कॉलोनीवासियों ने बताया कि इस गार्डन को नगर निगम व स्मार्ट सिटी द्वारा अनदेखा किया गया, जिसे कॉलोनीवासियों ने मिलकर हरा-भरा करने का संकल्प लिया है। पौधारोपण करने वालों में अमित पांडेय, सुनील जैन, राहुल दिवेदी, सोनल द्विवेदी, सरला जैन, श्वेता, ऋतु पांडेय, माला सोना आदि मौजूद थे।

### जोहार छत्तीसगढ़ कल, देशभक्ति गीत पेश करेंगे कैलाश खेर

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त को रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित इंडोर स्टेडियम में जोहार तिरंगा का रंगारंग आयोजन होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में यह कार्यक्रम संध्या 6 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर देश के जाने-माने गायक कैलाश खेर एवं साथियों द्वारा संस्कृति एवं देशभक्ति पर आधारित गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी।

### केंद्रीय मंत्री यादव करेंगे ऑडिटोरियम और ई-ऑक्शन प्रणाली का उद्घाटन

रायपुर। केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव 12 अगस्त को नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में नवनिर्मित ऑडिटोरियम और इलेक्ट्रॉनिक ऑक्शन प्रणाली का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वनमंत्री केदार कश्यप, केंद्रीय वन महानिदेशक एवं भारत सरकार के विशेष सचिव जितेंद्र कुमार भी शामिल होंगे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने बताया कि लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक ऑडिटोरियम में आंतरिक साज-सज्जा, लाइट, साउंड सिस्टम, वातानुकूलित सुविधा, स्टेज, एलईडी स्क्रीन जैसी समस्त सुविधाओं का समावेश किया गया है।

# राजधानी में भाजपा की बाइक रैली, साथ होगा डेढ़ किमी. लंबा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा की हर विधानसभा में होने वाली तिरंगा यात्रा का आगाज रविवार से हो गया है। राजधानी रायपुर की चारों विधानसभाओं के लिए अलग-अलग दिन तय किए गए हैं। रायपुर पश्चिम से 14 अगस्त को निकलने वाली तिरंगा यात्रा बहुत खास होगी। इसको लेकर बड़ी तैयारी की गई है। इस यात्रा में बाइक रैली के साथ डेढ़ किलोमीटर लंबा तिरंगा भी रहेगा। 14 अगस्त को भारत माता चौक पर भारत माता की महाआरती के साथ ही विभाजन विभीषिका पर एक बड़ा आयोजन होगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश भाजपा संगठन ने भी प्रदेशभर में हर घर तिरंगा अभियान के साथ हर विधानसभा में तिरंगा यात्रा की योजना बनाई है। चार दिनों तक चलने वाली तिरंगा यात्रा रविवार से प्रारंभ हो गई है। कई विधानसभाओं में पहले दिन यात्राएं निकाली गईं। अब आने वाले तीन दिनों में हर विधानसभा में यात्रा को पूरा किया जाएगा। हर विधानसभा की यात्रा में वहां के विधायक, क्षेत्र के सांसद, जनप्रतिनिधि, भाजपा के पदाधिकारी भी रहेंगे।

***रायपुर में आज से आगाज :*** राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं में तिरंगा यात्रा का आगाज सोमवार से होगा। सबसे पहले रायपुर ग्रामीण में तिरंगा यात्रा निकलेगी। इस विधानसभा में एक यात्रा के स्थान पर चार मंडलों में दो दिनों तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। दो मंडलों में सोमवार और दो मंडलों में मंगलवार को तिरंगा यात्रा होगी। इसके बाद मंगलवार को रायपुर उत्तर और रायपुर दक्षिण विधानसभा की तिरंगा यात्रा होगी।

## आज रायपुर ग्रामीण, कल उत्तर और दक्षिण और 14 को रायपुर पश्चिम की तिरंगा यात्रा

### रायपुर पश्चिम की तिरंगा यात्रा खास

रायपुर पश्चिम की तिरंगा यात्रा को हमेशा की तरह ही खास बनाने का काम किया गया है। 14 अगस्त को निकलने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर विधायक राजेश मूणत ने बताया, बीते साल की तरह ही इस बार भी डेढ़ किलोमीटर लंबा तिरंगा, यात्रा में रहेगा। इस तिरंगे को बनाने का काम नया सवेरा स्कूल रामनगर द्वारा किया गया है। इस तिरंगे को रामनगर सहित अन्य स्कूलों के विद्यार्थी लेकर चलेंगे। तिरंगा यात्रा में दो हजार बाइक सवार भी शामिल होंगे। इसमें जहां बाइक सवार भगवा पगड़ी धारण किए रहेंगे, वहीं सबके हाथों में तिरंगा भी होगा। तिरंगा यात्रा साइंस कॉलेज के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम से निकलेगी, जो भारत माता चौक तक जाएगी। भारत माता चौक पर महाआरती भी होगी।



### विभाजन विभीषिका पर गोष्ठी

14 अगस्त को ही मेडिकल कॉलेज सभागार में विभाजन विभीषिका पर गोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश और फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी होंगे। वक्ता स्वतंत्रता पूर्व भारत के विभाजन पर विस्तृत प्रकाश डालेंगे। टाउन हॉल में पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।

## हाईरिस्क वालों को भीड़भाड़ में मास्क का उपयोग करने की सलाह

# प्रदेश में स्वाइन फ्लू से चौथी मौत, बुखार के साथ सांस फूलने की हो शिकायत तो कराएं जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- पिछले दो माह से बढ़े मामले, चार मरीजों की अस्पताल में हो चुकी मौत

प्रदेश में स्वाइन फ्लू की दस्तक के बाद उच्च जोखिम की श्रेणी में आने वालों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। बुखार अगर लंबे समय से नहीं छोड़ रहा हो, उसकी वजह से सांस फूलने, चक्कर आने अथवा मानसिक बदलाव के संकेत नजर आते हों तो स्वाइन फ्लू की जांच करानी चाहिए। राज्य में श्वांस संबंधी इस बीमारी की वजह से हाल ही में चार लोगों की मौत हो चुकी है। बिलासपुर में एक ने कल रात ही दम तोड़ा।

स्वाइन फ्लू संबंधी संक्रमण इंफ्लुएंजा-ए (एच1एन1) वायरस की वजह से होता है। इसका जोखिम कम प्रतिरोधक क्षमता अथवा अधिक आयु वालों को होता है। इसकी वजह से सर्दी, गले में खराश, बदन दर्द, सांस फूलने जैसी शिकायत होती है, यह समस्या अगर जल्दी ठीक नहीं हो रही है तो संबंधित शख्स को स्वाइन फ्लू की जांच करानी चाहिए। डॉक्टरों के अनुसार, यह संक्रमण बारिश के बाद मौसम में आने वाली ठंडक के दौरान होता है। सही समय पर इसका इलाज नहीं होने से दूसरों में इसका विस्तार होने और कई बार जान जाने का जोखिम भी हो सकता है। राज्य में जनवरी से लेकर अब तक स्वाइन फ्लू के मामले सामने आए हैं, जिनमें से दर्जनभर से ज्यादा केस पिछले दो माह के हैं। स्वाइन फ्लू की वजह से अब तक राज्य में चार लोगों की मौत हो चुकी है, इसलिए इससे बचाव के लिए भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का उपयोग करना चाहिए।




### आंकड़े चिंताजनक नहीं

स्वाइन फ्लू के मामले समय-समय पर सामने आते रहते हैं। अभी बारिश की वजह से इसमें थोड़ी तेजी दिख रही है, मगर आंकड़े चिंताजनक नहीं हैं। इस संक्रमण से बचने के लिए लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है, जिसका बेहतर उपाय मास्क का उपयोग है।

- **डॉ. डीके तुर्रे,** उपसंचालक, स्वास्थ्य विभाग

### मामले आ रहे सामने

स्वाइन फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं। आमतौर पर इसका जोखिम अधिक आयु के लोगों अथवा दूसरी बीमारी से पीड़ितों को होता है। स्वाइन फ्लू से मिलते-जुलते लक्षण अगर नजर आएं तो इसकी जांच करानी चाहिए। समय पर दवा लेने से इसके नियंत्रित किया जा सकता है।

- **डॉ. आरके पांडा,** विशेषज्ञ टीबी एवं चेस्ट रोग आंबेडकर अस्पताल

### उपाय कोरोना की रोकथाम जैसे

स्वाइन फ्लू भी फैलने वाला घातक संक्रमण है। यहां संक्रमित व्यक्ति के नाक, मुंह से निकलकर वायरस वायुमंडल में मौजूद रहते हैं और थोड़ी असावधानी बरतने वाले को अपना शिकार बना लेते हैं। चिकित्सकों के अनुसार इसके बचाव भी कोरोना महामारी के रोकथाम जैसे ही है। सार्वजनिक वस्तुओं को छूने से बचना चाहिए, समय-समय पर हाथ धोने और चेहरे पर हाथ ले जाने से बचना चाहिए। दूसरे के रूमाल अथवा अन्य कपड़ों से परहेज करना आवश्यक है।

### स्वाइन फ्लू के लक्षण

सर्दी, खांसी गले में खराश, सिरदर्द, बदन दर्द, थकावट, जी मिचलना, स्वभाव में चिड़चिड़ाहट आना, कभी-कभी उल्टी अथवा दस्त की शिकायत होना।

### स्वाइन फ्लू से बचाव

अधिक आयु, को-मार्बिडिटी वाले भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें, मास्क का उपयोग, बार-बार हाथ धोते रहें। समस्या दूर नहीं होने पर चिकित्सक के पास जाएं।

## घड़ियाली आंसू बहा रही कांग्रेस

# साय बोले- आदिवासियों का सम्मान करती है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, आदिवासियों का सम्मान करने का काम हमेशा से भाजपा ने किया है। कांग्रेस महज राजनीति करने और घड़ियाली आंसू बहाने के अलावा कुछ नहीं करती। भाजपा ने ही एक आदिवासी को इस राज्य का मुख्यमंत्री बनाने का काम किया है। भाजपा ने ही देश के राष्ट्रपति पद पर एक आदिवासी को बिठाया है।



- सीएम साय का कांग्रेस पर तीखा हमला

मुख्यमंत्री श्री साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस के आरोप पर कहा, आजादी के 75 साल हो गए हैं। हम सब अमृत महोत्सव मना रहे हैं। मैं भी आदिवासी समाज से हूं। आदिवासियों का सम्मान भाजपा ने हमेशा किया है। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में आदिवासियों के विकास के लिए मंत्रालय का गठन किया गया था। छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी 32 प्रतिशत हैं। उनका समुचित विकास और छत्तीसगढ़ का निर्माण भाजपा ने किया है। देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी समाज की बहन द्रौपदी मुर्मू हैं। बस्तर विकास प्राधिकरण का गठन भाजपा की सरकार में हुआ है। भाजपा की देन है, जो आज छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बैठा है। कांग्रेस का काम महज राजनीति करना है।

### युवराज ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की

डांडेसरा(धमतरी)। कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी सुपेला भिलाई निवासी युवराज शर्मा ने सीए की परीक्षा पास की है। वे भास्कर विशाल शर्मा के पुत्र हैं। उनकी पढ़ाई भिलाई में हुई है। सीए बनने पर डाली शर्मा, मुकेश शर्मा, अश्वनी शर्मा, वैशाली शर्मा, संतोष शर्मा, आरती शर्मा, प्रवीण शुक्ला, शैल तिवारी, रत्ना तिवारी सहित अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# रजिस्ट्रेशन की रकम के लिए बरसों चक्कर अब 188 ग्राहकों को मिले तीन करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मंत्री ओपी चौधरी के आदेश पर हुई रकम की वापसी
- मकान-दुकान पंजीयन के बाद नहीं किया था सौदा

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल यानी सीजी हाउसिंग बोर्ड से रजिस्ट्रेशन की राशि वापस हासिल करने के लिए बरसों से दफ्तरों से लेकर अदालत तक के चक्कर लगा रहे 188 लोगों को अब जाकर राहत मिली है। दरअसल हाउसिंग बोर्ड के ग्राहकों ने मकान-दुकान खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया और उसकी राशि भी जमा करा दी थी, लेकिन किसी भी वजह से मकान-दुकान नहीं खरीदा, लेकिन ऐसे ग्राहकों को हाउसिंग बोर्ड रजिस्ट्रेशन की राशि वापस नहीं कर रहा था।

### ये है मामला

छत्तीसगढ़ में हाउसिंग बोर्ड द्वारा विभिन्न आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाओं के लिए प्रोजेक्ट तैयार किए जाने के बाद इसकी बिक्री के लिए रजिस्ट्रेशन किया जाता है। जो लोग प्रोजेक्ट के तहत मकान-दुकान खरीदना चाहते हैं, उनका रजिस्ट्रेशन किया जाता है। रजिस्ट्रेशन के लिए हाउसिंग बोर्ड द्वारा मकान या दुकान की कीमत की चार प्रतिशत राशि पंजीयन शुल्क के रूप में जमा कराई जाती है। पंजीयन होने के बाद भी ग्राहक किसी भी कारण से खरीदी करने से इनकार कर देता है तो प्रावधान के मुताबिक, उसकी पंजीयन राशि हाउसिंग बोर्ड को ग्राहक को वापस करनी होती है, लेकिन छत्तीसगढ़ में पिछले कई साल से यह राशि ग्राहकों को नहीं दी जा रही थी।

### दफ्तरों से लेकर अदालत तक के चक्कर काटे

हाउसिंग बोर्ड के सूत्रों के अनुसार, राज्य में बड़ी संख्या में हाउसिंग बोर्ड के ग्राहक पंजीयन शुल्क का राशि वापस लेने के लिए संबंधित कार्यालयों से लेकर मुख्यालय के चक्कर काट रहे थे। कुछ ग्राहक ऐसे मामलों को लेकर अदालत भी गए थे। अदालत में जाने के बाद कुछ प्रकरणों में हाउसिंग बोर्ड को पेनाल्टी भी लगी थी। यह पूरा मामला जानकारी जब आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी को मिली तो उन्होंने हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त कुंदन कुमार को इन मामलों के निराकरण का आदेश दिया था। आयुक्त ने ऐसे सभी मामलों की सूची बनवाई और अब जाकर ग्राहकों को पंजीयन की राशि वापस मिलनी शुरू हुई है।

### ग्राहकों को वापस मिले 3 करोड़ रुपए : आयुक्त

इस पहल के परिणामस्वरूप लगभग 188 परिवारों को 3.01 करोड़ रुपए मंडल द्वारा वापस किए गए हैं। गृह निर्माण मण्डल के आयुक्त कुंदन कुमार ने बताया कि मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को देर से भुगतान के मुद्दे को हल करना था। विभाग ने त्वरित कार्रवाई की और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा पात्र हितग्राहियों को उनकी रकम वापस की गई है।

## रविवि में क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू, सांसद ने किया शुभारंभ



रायपुर। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन द्वारा सार्वजनिक पुस्तकालय कर्मियों के लिए 46वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में शुरू किया गया। इसका औपचारिक उद्घाटन रविवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया। इस मौके पर सांसद श्री अग्रवाल ने कहा, किताबें जीवन का आधार हैं, प्रमाण हैं। उन्होंने नई पीढ़ी से देश के संस्कार, संस्कृति और गौरव को जानने के लिए किताबें पढ़ने का आव्हान किया। इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल के सार्वजनिक पुस्तकालय पेशेवरों ने भाग लिया। अपनी पुरानी स्मृतियों को याद करते हुए सांसद श्री अग्रवाल ने किताबों की अहमियत और जरूरतों को विस्तार से बताया। प्रारंभिक भाषण में राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के परियोजना अधिकारी दीपांजन चटर्जी ने बताया कि एनएमएल मॉडल लाइब्रेरी योजना की स्थापना के तहत जिला पुस्तकालय, रायगढ़ को 87 लाख रुपए की राशि मंजूर की गई है। एनएमएल अनुदान के लिए राज्य केंद्रीय पुस्तकालय के लिए 2 करोड़ 23 लाख रुपए और जिला पुस्तकालय के लिए 87 लाख रुपए का प्रावधान है। उन्होंने यह भी बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय की स्थापना राजा राममोहन राय पुस्तकालय फाउंडेशन (आरआरआरएलएफ) की वित्तीय सहायता से की गई थी।

# दैवेभो वनकर्मियों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों ने राजधानी के नवा रायपुर स्थित तूता धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। हड़ताली कर्मचारियों ने नियमितीकरण और स्थायीकरण सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर रविवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल के पहले दिन बड़ी संख्या में दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी धरनास्थल पर अपने हक की आवाज बुलंद करने पहुंचे।

वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। धरनास्थल पर नारेबाजी और प्रदर्शन कर कर्मचारियों ने शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराया। हड़ताल में दैनिक वेतनभोगी, वाहन चालक, कार्यालय सहायक, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक शामिल रहे। धरनास्थल पर हड़ताली कर्मचारियों ने नारेबाजी, प्रदर्शन कर नियमितीकरण की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने इससे पहले वन मंत्री से मिलकर अपनी समस्या बताई थी, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। धरनास्थल पर पानी की व्यवस्था को लेकर हड़ताली कर्मचारी परेशान रहे। उन्होंने एसपी, तहसीलदार और एसडीएम से भी पेयजल व्यवस्था कराने आग्रह किया।

### कर्मचारियों की ये मांगें

आंदोलन में शामिल दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों ने आकस्मिकता कार्यभारित सेवा नियम लागू करने, नियमितीकरण और स्थायीकरण करने की मांग की है। इसके साथ ही वन विभाग में सीधी भर्ती रोक लगाने, कर्मचारियों के लंबित वेतन का तत्काल भुगतान करने की मांग की है।

# राशनकार्ड के लिए महिलाओं को करना पड़ा घंटों इंतजार, डाउन सर्वर ने बढ़ाई परेशानी

- जोरा, लभांडी गांव की महिलाएं शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचीं
- कंप्यूटर बार-बार हैंग, काउंटर पर कर्मचारी भी कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के रहवासियों के लिए कृषि विश्वविद्यालय के कम्युनिटी हॉल में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया, जिसमें जोरा और लभांडी क्षेत्र की महिलाएं विशेष रूप से राशनकार्ड को लेकर शिविर स्थल पर बड़ी संख्या में पहुंचीं। इस दौरान बार-बार सर्वर डाउन होने और कंप्यूटर हैंग होने से महिलाओं को राशनकार्ड के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।

कई महिलाओं के लिए नए राशनकार्ड पार्षद कार्यालय से वितरण नहीं हो पाने के कारण भी लोगों को शिविर में भीड़भाड़ की परेशानी सहनी पड़ी। निगम के आला अधिकारी इस बात को लेकर हैरान रहे कि लभांडी वालों को नया राशनकार्ड अब तक कैसे नहीं मिल पाया? नगर निगम जोन-9 क्षेत्रवासियों के लिए फुंडहर के बाद कृषि विश्वविद्यालय के कम्युनिटी हॉल में अतिरिक्त शिविर लगाया गया। शिविर में लभांडी, जोरा, कृषकनगर, सांईनगर, प्रगतिनगर क्षेत्र के रहवासी बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर में नागरिकों ने राशनकार्ड, आय प्रमाणपत्र, आधारकार्ड में नाम सुधार के लिए आवेदन किए। इस दौरान जोरा की महिलाओं को नए राशनकार्ड के लिए परेशान होना पड़ा। कई कार्डधारी ऐसे रहे, जिनके नए राशनकार्ड बनने के बाद भी वार्ड स्तर पर वितरण नहीं हुआ था। उन्हें कार्ड के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। शिविर स्थल पर राशनकार्ड वाले काउंटर के कंप्यूटर बार-बार हैंग होने से लोग परेशान रहे। भुक्तभोगी महिलाओं ने जब इसका कारण पूछा तो उन्हें जवाब मिला कि सर्वर डाउन चल रहा है, इसलिए वहीं बैठकर इंतजार करना होगा। इसके चलते महिलाओं को घंटों इंतजार के बाद राशनकार्ड मिल पाया। सूत्रों के मुताबिक, खाद्य विभाग के स्टाल पर कर्मचारियों की कमी से भी काम प्रभावित रहा। जनसमस्या निवारण शिविर में जोन कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, जोन सहायक राजस्व अधिकारी विजय शर्मा, जोन के अधिकारी व वार्डवासी उपस्थित रहे।

### आवेदनों का मौके पर ही निराकरण

सामाजिक कार्यकर्ता और सांईनगर आवासीय समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि जिला प्रशासन के मुखिया को बाकायदा विश्वास में लेकर शिविर से संबंधित सक्षम अधिकारियों को पूरे प्रोटोकॉल के साथ कलेक्टर से प्रभावी पत्राचार करना था, क्योंकि राशनकार्ड से सबंधित जिला खाद्य अधिकारी और खाद्य विभाग के कर्मचारियों की कमी शिविर के दौरान देखी गई। शिविर में नागरिकों से 268 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से 178 आवेदनों का शिविर स्थल पर निराकरण किया गया। शिविर में 78 नागरिकों ने आय प्रमाणपत्र बनवाए। 31 नागरिकों ने अपने आधारकार्ड में तत्काल सुधार कराया।

# नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी में राकांपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार गुट के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी शब्बीर अहमद विद्रोही के रायपुर आगमन पर नर्मदापारा स्थित कार्यालय में उनका भव्य स्वागत ढोल-बाजे और पुष्पवर्षा से किया गया। इसके बाद नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने एकमत से पुरुषोत्तम पांडेय को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की मांग प्रदेश प्रभारी से की। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से घोषणा कर, जानकारी सदस्यों को दी जाएगी।

पार्टी कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान उक्त जानकारी देते हुए श्री विद्रोही ने कहा कि छत्तीसगढ़ में संगठन विस्तार करने के बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए अभी से जमीन तैयार करने का दौर चल रहा है। एक सवाल के जवाब में मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि दो उद्योग घरानों के लिए केंद्र सरकार के दो लोग काम कर रहे हैं। अडाणी व अंबानी के लिए नरेंद्र मोदी और अमित शाह की सरकार है। पहले सीना ठोककर बात करते थे, लेकिन अब पसीना पोंछने को मजबूर हैं। वक्फ कानून संशोधन विधेयक को लेकर कहा, अंबानी की आठ सौ करोड़ की संपत्ति, जो वक्फ बोर्ड की जमीन है, उसे बचाने के लिए कानून लाया जा रहा है।

# तुलसी जयंती पर 200 छात्रों ने दी रामायण ज्ञान परीक्षा, आख्यान की भव्य छटा निखरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

सरयू साहित्य परिषद द्वारा संस्कृति जागरण के तहत तुलसी जयंती पर रामायण ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया, जिसमें 200 छात्रों ने हिस्सा लिया। परीक्षा समाप्ति के बाद आख्यान का आयोजन हुआ, जिसमें सामाजिक सदस्यों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। रामायण ज्ञान परीक्षा का आयोजन अभी तक केवल सरयूपारी ब्राम्हण समाज के लिए आयोजित था, लेकिन इस वर्ष यह आयोजन अपने भव्यता एवं व्यापकता के साथ नजर आया तथा सरयूपारी ब्राम्हण समाज कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज लालसोट ब्राम्हण समाज, आदि गौड़ ब्राम्हण समाज सहित समस्त ब्राम्हण समाज का आयोजन में समायोजन नजर आया। सभी समाज के प्रमुखों जिनमें अटल बिहारी त्रिवेदी, सत्यनारायण जोशी, हरगोपाल शर्मा सहित वरिष्ठ सदस्यों नरेश चौबे, संतोष पुरोहित, अभिषेक उपाध्याय आदि के योगदान से आयोजन संपन्न हुआ। वहीं पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा द्वारा परिषद के रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए हर संभव हर समय सहयोग का आश्वासन दिया गया, आयोजन में प्रमुख रुप से लखन लाल शर्मा, दिनेश शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, अशोक शर्मा, श्याम पुरोहित, सचिन्द्र शर्मा, ललित तिवाड़ी, सरिता रानी शर्मा, खगेश शर्मा, आशा शर्मा, श्वेता मिश्रा, किरण उपाध्याय, मालती उपाध्याय, कोमल शर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा। प्रसादी वितरण के पश्चात आयोजन का समापन हुआ। आभार प्रदर्शन सर्व विप्र युवा अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय द्वारा किया गया।

## सरयू साहित्य ने किया आयोजन, आख्यान भी हुआ




### पूजा अर्चना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ

कविता शर्मा एवं मुकेश शर्मा ने तुलसीदास का पूजन किया। परीक्षा प्रभारी प्रकाश तिवारी एवं राजेन्द्र जोशी के नेतृत्व में परीक्षा प्रारंभ हुई। लगभग 200 परीक्षार्थियों की भागीदारी इस परीक्षा में रही। परीक्षा में पर्यवेक्षक की भूमिका का स्वर्णलता त्रिवेदी, वंदना गोपाल शर्मा, जितेन्द्र गौरहा, अभिषेक मिश्रा, निशा आनंद शर्मा, उषा मिश्रा, सुषमा मिश्रा, टुपेन्द्र शर्मा आदि द्वारा निर्वहन किया गया। परीक्षा की संपन्नता के पश्चात आख्यान में परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा द्वारा परिषद की रुपरेखा एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात आख्यान के विषय आदर्श समाज की स्थापना में रामचरितमानस का योगदान पर विद्वानों जिनमें आचार्य झम्मन शास्त्री, सूरदास मंदिर प्रमुख पुजारी द्वारा प्रेरणादायी विचार व्यक्त करते हुए मानस की महत्ता एवं आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। शहर थाना प्रभारी परिवेश तिवारी द्वारा आयोजन की सराहना करते हुए कानून विषयक बिन्दु पर प्रकाश डाला गया।

## खबर संक्षेप

### मंदिर से बाइक चोरी

**महासमुंद**। मंदिर दर्शन के लिए गए युवक की बाइक चोरी हो गई। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम कोनारी गरियाबंद निवासी व प्रार्थी खिलेश्वर नागेश पिता मानसिंग नागेश अपने दोस्त कुलदीप तिवारी और बेनुधर चक्रधारी के साथ स्वयं की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 23 के 1040 से ग्राम कोसरंगी का सिद्ध बाबा मंदिर दर्शन के करने के गया था। मंदिर से दर्शन करने के बाद वापस करीब 4.15 बजे आकर देखा तो वहां मोटर सायकल नहीं थी। किसी अज्ञात व्यक्ति ने बाइक को लॉक तोड़कर चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले में धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### अंग्रेजी शराब जब्त

**महासमुंद**। सरायपाली पुलिस ने अंग्रेजी और देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि चकरदा बांध के पास नीम के पड़े के नीचे से आरोपी दिनेश नायक के कब्जे से 8 नग सीजी अंग्रेजी शराब प्रत्येक में 180-180 एमएल भरा हुआ कुल 1440 एमएल कीमत 960 रुपए एवं 7 नग देशी मदिरा प्लेन प्रत्येक में 180-180 एमएल भरा हुआ कुल 1260 एमएल कीमत 630 रुपए कुल शराब 2700 एमएल कीमत 1590, बिक्री रकम 530 रुपए जब्त किया गया।

### निधन

**राधा नायक**



**बंगोली**। ग्राम बंगोली निवासी 95 वर्षीय राधा नायक का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के गौंटिया तालाब में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल हुए। वे कमलनारायण, चंद्रशेखर तथा डोमन की माता एवं भूपेंद्र, तरुण, साक्षी, समीक्षा, मोना, प्रिया नायक की दादी थीं।

## मृतक परिवार में बचा एक सदस्य ने उठाएं कई संदिग्ध सवाल, पुन: जांच के लिए एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

# एक व्यक्ति पांच लोगों की हत्या नहीं कर सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

सलीहा थाना अंतर्गत थरगांव में एक ही परिवार के 5 लोगों की निर्मम हत्या कर पड़ोस में रहने वाले आरोपी ने मृतकों के घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया था। इस हत्याकांड के बाद उक्त परिवार में इकलौते बचे मृगसेनजीत साहू ने आज बिलाईगढ़ एसडीओपी विजय ठाकुर को ज्ञापन सौंपा है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि मेरे पिता हेमलाल साहू, माता जगमोती साहू, बहन मीरा साहू, बहन ममता साहू और भांजा प्रत्यूश साहू कुल पांच लोगों की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर दी गई, जिसमें हत्या करने वाले मेरे पड़ोसी मनोज कुमार साहू ने घटना को अंजाम देने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सारी चीज देखने के बाद अन्य व्यक्तियों का इस घटना में शामिल होना प्रतीत होता है।



### जांच में नहीं बुलायी गई डाग स्क्वायड टीम

पांच लोगों की हत्या के बाद भी डाग स्क्वायड की टीम नहीं बुलायी गई थी, जिससे जाहिर हो रहा है कि पुलिस मामले में उत्कृष्ट और निष्पक्ष जांच नहीं कर रही है, जिसमें हम असंतुष्ट हैं। वहीं इस पूरे मामले में बिलाईगढ़ एसडीओपी विजय ठाकुर ने कहा कि मृतक के परिजन लिखित में आवेदन दिए हैं और निष्पक्ष जांच की मांग की है, उनके आवेदन में जो भी तथ्य है, उस बिंदु पर पहले से जांच चल रही है। अभी उक्त बिंदुओं पर और भी अच्छे से जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में कई रिपोर्ट अभी भी पुलिस को प्राप्त नहीं हुई हैं जिनके लिए पत्रचार किया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

घटना के स्थान को देखकर ऐसा लगता है कि जैसे एक ही व्यक्ति द्वारा कुल्हाड़ी से पांच लोगों का हत्या कर पाना संभव नहीं है। फर्श और टाइल्स में बहुत सारे खून के निशान एवं टाइल्स में लगे खून के धब्बे की सफाई, कुल्हाड़ी जो हत्यारे के पास थी उसमें खून का न लगना और तेज धार न होना, हत्यारे के शरीर पर खून का एक भी धब्बा न होना, हत्या करने वाले का फांसी लगाना, हत्यारा का पैर जमीन से पूरी तरह स्पर्श होना। देखने में ऐसा लगता है कि किसी अन्य संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा हत्याकांड को अंजाम देकर मनोज कुमार साहू को फांसी पर लटका दिया गया होगा। वहीं आवेदक के माध्यम से मृगसेन जीत द्वारा कहा गया है कि पुलिस विभाग द्वारा अभी तक फोरेंसिक रिपोर्ट, डम रिपोर्ट, फिंगरप्रिंट रिपोर्ट और कॉल डिटेल की जानकारी नहीं निकाली गई है।

### एकतरफा प्रेम में हुई थी हत्या

मिली जानकारी के अनुसार थरगांव में रहने वाले टेलर मनोज कुमार साहू अपने पड़ोस में रहने वाली मृतिका मीरा साहू से एक तरफा प्रेम करता था। इसे लेकर पहले भी विवाद हुआ था, लेकिन मामला शांत हो गया था। वहीं घटना वाले दिन मृतिका मीरा साहू अपने मायके थरगांव आई थी, इसके बाद आरोपी मनोज साहू ने मीरा साहू के घर जाकर उनके पिता हेमलाल साहू, उनके माता जगमोती साहू, उनके बहन ममता साहू, मीरा साहू और मीरा साहू के बेटे प्रत्युश साहू को धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दिया था, अब जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि इस मामले में क्या और भी आरोपी शामिल है या आरोपी द्वारा हत्या कर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# आत्मानंद के छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली



**पवनी**। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पवनी के छात्र छात्राओं ने हाथ में तिरंगा झंडा लिए नगर की गलियों में भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय जवान जय किसान आदि नारों से देशप्रेम की ज्योति को अंचल में बिखेरा है। देशप्रेम के उल्लास, उमंग और सामूहिक रूप से देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए बलिदान देने वाले सभी भारत माता के सपूतों को समर्पित हर घर तिरंगा कार्यक्रम अनवरत जारी है।

# कनकी स्कूल के 10 एनसीसी कैडेट्स ने लिया प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी के 15 बालिका कैडेट्स और 10 बालक कैडेट्स के साथ ही एनसीसी अधिकारी थर्ड ऑफिसर अशोक कुमार कोसले ने 3 छत्तीसगढ़ एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, रायपुर द्वारा आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। इस शिविर में कुल 534 कैडेट्स और 17 एनसीसी अधिकारी शामिल हुए, जो 15 विद्यालयों और 3 महाविद्यालयों से आए थे। शिविर का आयोजन एनसीसी टर्निंग एकेडमी लखोली, आरंग, जिला रायपुर में किया गया था। संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का संचालन कैंप कमांडेंट, विंग कमांडर विवेक कुमार साहू 3 छग स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर के नेतृत्व एवं संरक्षण में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान, कैडेट्स ने योग, पीटी, ड्रिल, महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान, और विशिष्ट अतिथियों से व्याख्यान सुने। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, एरो–मॉडलिंग, रेंज फायरिंग, स्कीट शूटिंग, एयरपोर्ट भ्रमण और एनसीसी हैंगर का भ्रमण किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी की बालिका कैडेट्स ने खो–खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जो उनके लिए गर्व का विषय है। विद्यालय के प्राचार्य सुश्री सीमा मेश्राम ने छात्र–छात्राओं को शिविर

## सारंगढ़ और कोसरी क्षेत्र के लिए आंबा कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार/सरसीवा

सारंगढ़ और कोसीर परियोजना क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती का अंतिम प्रकाशन और नियुक्ति पत्र जारी किया जा चुका है। इसके अनुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ के ग्रामीण निकाय अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बासीनबहरा, घौठला बड़े–2, खुर्सी–2, रोहिनापाली के कार्यकर्ता पद तथा आंगनबाड़ी केन्द्र बोईरडीह–1, जेवरा–1, छातादेई–2, सेमरापाली–1. चुरेला–2, साराडीह, मकरी, घौठला बडे–2, कान्दुरपाली, रेडा–4, खुर्सी–2, बरदरहा, जेवरा–2, बोईरडीह–2, दानसरा–3 एवं दुर्गापाली–2 में सहायिका पद के लिए अनंतिम मूल्यांकन पत्रक प्रकाशन उपरांत प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाकर अंतिम मूल्यांकन पत्रक तैयार किया गया है। इसी प्रकार एकीकृत बाल विकास परियोजना कोसीर अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र सिलादेई के कार्यकर्ता पद तथा आंगनबाड़ी केन्द्र खैरा बड़े, अण्डोला–3. जशपुर–3, कोतरी–2, कोतरी–3, खैरा छोटे–3, मचलाडीह एवं भांठागांव–2 सहायिका पद हेतु अनंतिम मूल्यांकन पत्रक प्रकाशन उपरांत प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाकर अंतिम मूल्यांकन पत्रक तैयार किया गया है। इन दोनों सारंगढ़ और कोसीर परियोजना क्षेत्र में अंतिम मूल्यांकन पत्रक में प्रथम वरीयता प्राप्त आवेदिकाओं को नियुक्ति आदेश जारी किया गया है।

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका भर्ती का अंतिम प्रकाशन और नियुक्ति पत्र जारी

# जनदर्शन में समस्याओं के मिले कई आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पवनी

कलेक्टर ने जनदर्शन में नागरिकों के मांग और शिकायत सुनकर उस पर कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया है। कलेक्टर को मिले आवेदनों में, अतिक्रमण कर किए गए निर्माण पर कार्यवाही, नयी पेंशन चालू करने, वृद्धा पेंशन को पुनः चालू कराने, धान बोनस की राशि में खातेदार से बंटवारा दिलाने, किसानों पर फर्जी खाद बीज चढ़ाने पर समिति के संबंधित कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई करने, राशन कार्ड बनाने, पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, हॉस्टल अधीक्षिका को मूल पद में वापस करने, ग्राम भिनोदा में टंकी निर्माण ठेकेदार द्वारा गली का मरम्मत नहीं करने पर कार्यवाही, बेटे द्वारा पिता को घर से निकालने और बेदखल के विरुद्ध कार्रवाई, गांव वालों द्वारा तालाब में जाने वाले पानी को रोककर आवेदक के घर की ओर करने पर कार्यवाही, बोर खनन करने, पीएम आवास और शौचालय की राशि के गबन करने वाले कर्मियों पर कार्यवाही, बिजली तार के नीचे जाली लगाने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## अधिक मात्रा में मिली वस्तु को संभालना हर किसी के लिए संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



ग्राम कुम्हारी में हो रही शिव महापुराण कथा शिव भक्तों की उपस्थिति में जारी है। कथा वाचक पं. रुद्रांश शर्मा ने कथा में बानाशुर, नल दमयंती और भगवान शिव के एकादश रुद्रा अवतार की कथा सुनाते हुए जीवन में ग्रहण करने योग्य ज्ञानवर्धक बातों को कथा के माध्यम से समझाया। बानाशूर की कथा में उन्होंने कहा की कोई भी वस्तु अधिकाधिक मात्र में प्राप्त हो जाने पर उसे संभाल पाना सबके बस की बात नहीं है। जैसे बानाशुर को शिव कृपा से हजार भुजा और अमित सकती का वरदान मिला, लेकिन वह उससे संतुष्ट नहीं हो पाया और अपनी बराबरी का लड़ने वाला ढूंढने लगा। तब शिवजी ने उन्हें भुजा कटने का श्राप दे दिया और श्री कृष्ण ने युद्ध में उनकी चार भुजा छोड़ के सभी भुजाओं को काट दिया। बानाशुर पुनः शिव की स्तुति वंदना किए और शिवगणों में उत्तम स्थान प्राप्त किया। भील भीलनी की कथा में भगवान शंकर के यतिस्वर रूप में प्रगट होने की कथा को बताते हुए कहा की उन्हीं भीलों की भक्ति से भगवान शिव हंस रूप में आकर नल दमयंती के रूप में दूसरे जन्म में मिलाए।

# जैतेश्वर महादेव का किया महाजलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पवनी

जैतेश्वर महादेव धाम जैतपुर में इस वर्ष भी सावन के चौथे सोमवार को महाजलाभिषेक एवं महादेव प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने पत्नी ममता राय के साथ कांवर यात्रा निकालकर जलाभिषेक किया और हवन पूजन श्रद्धालुओं को खीर-पूरी एवं अन्य प्रसाद वितरण किया। समिति के सदस्यों के अपील पर आसपास के गाव के श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रही। कार्यक्रम में पंकज चंद्रा, डॉ परमानंद साहू, ताराचंद देवांगन, उत्तरा साहू, संजय शर्मा, श्रवण चौहान, हेमंत बंजारे, सहदेव सिदार, डीके नारंग सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### बस स्टैंड में प्रसादी का वितरण हुआ



गोपालपुर। गांव के बस स्टैंड में इस वर्ष भी सावन सोमवार के उपलक्ष्य पर इस वर्ष प्रसादी वितरण किया गया। इसमें राहगीर प्रसाद पाकर अपने आप को धन्य समझे। इस पून्य कार्य में विश्राम साहू, सोनाऊ साहू, लिल्लू दास मानीकपुरी, भीषम साहू, महेश साहू, राजेश साहू, ओम प्रकाश साहू का विशेष सहयोग रहा।

### कलेक्टर के निर्देश पर सड़क सुधार निर्माण कार्य में आई तेजी

बलौदाबाजार। कलेक्टर ने विगत दिनों सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे। उनके निर्देशों के अनुरूप बरसात से प्रभावित सड़क सुधार निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिचिरदा चौक से गांव तक पहुंच मार्ग में सुधार कार्य किया गया। इसी तरह भाटापारा विकासखंड के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की सड़क सुरकी मोपका मार्ग धुर्राबांधा प्रवेश एवं बहिर्गमन मार्ग को सुधार किया गया है। इस सड़क की लगातार असमतल होने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इसी तरह मुख्यमंत्री ग्राम ग्राम सड़क योजना के तहत सेमरिया ब से मटिया मार्ग में सुधार कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सुधार कार्य पूर्ण होने से आमजनों को अब आने जाने में तकलीफों का सामना नहीं करना पड़ रहा हैं।

**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

### अली के नेतृत्व में हुआ कावड़ियों का स्वागत

खरोरा। शिव मंदिर सेवा समिति खरोरा के तत्वावधान में भव्य कावड़ यात्रा एवं जलाभिषेक कार्यक्रम हर साल आयोजित किया जाता है। तिल्दा सोमनाथ से एक दिन पहले जल उठाकर कावड़यात्री पदयात्रा करते हुए खरोरा स्थित शिव मंदिर में जल अभिषेक किए, जिनका भव्य स्वागत आतिशबाजी के साथ पुष्प वर्षा एवं गमछा पहनाकर स्वागत जुबेर अली के नेतृत्व में किया गया। इसमें प्रमुख रूप से छाया वर्मा पूर्व राज्यसभा सांसद एवं उधोराम वर्मा जिला ग्रामीण अध्यक्ष, सौरभ विश्वनाथ मिश्रा, सुरेंद्र गिलहरे, निलेश चंद्रवंशी, अंकित वर्मा, मुकेश भारद्वाज, बलराम नशीने, धनेश वर्मा, संतोष अग्रवाल, अलख यादव, ललित कटारे, अनील मरकोज मेराज खान, भानु भट्ट, राशिद खान, हरीश वर्मा, रजा खान, नूर खान, डागेश्वर जोशी, शिफान अली, कादर खान, अयान, बाबू, सलीम, सोनू नाशीने, मोनू कुलदीप, शौकत सहित खरोरावासी उपस्थित थे।




online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 8,500/-

रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024 तक
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025 तक

गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी

ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:- 7354-411411